सार-समाचार

आम जन के कार्यों में लापरवाही बरती तो होगी कार्रवाई : जवाहर सिंह बेढम

डीग, भरतपुर (निसं)। राज्य सरकार की ओर से संचालित ग्राम रथ अभियान को लेकर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने स्पष्ट किया है कि यह रथ केवल योजनाओं के प्रचार का जरिया नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का एक चलता-फिरता प्रकल्प है । बुधवार को पंचायत समिति सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि विकास रथ के गाँवों में पहुँचने से पूर्व ही बिजली, पानी और सड़कों से जुड़ी मूलभूत समस्याओं को पूरी तरह सुलझा लिया जाए। गृह राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री की मंशा स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार जनता के द्वार पहुँच रही है, अत: लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी। इसी क्रम में जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने अधिकारियों को 5-दिवसीय विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं, जिसके तहत 60-65 गाँवों को लक्ष्य कर पेयजल, खराब ट्रांसफार्मर, ढीले तार और सड़कों के पैच वर्क जैसे कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण किया जाएगा।

130 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

भरतपुर (निसं)। जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित भरतपुर ताइक्वांडो द्वारा आयोजित दूसरी जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन आदित्य रिसोर्ट मे हुआ। जिला सचिव भानु प्रताप सिंह यादव ने बताया मई मे होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतु चायन प्रक्रिया के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे भरतपुर जिले से लगभग 130 खिलाड़ियों ने अलग अलग भार वर्ग मे भाग लिया। यादव ने बताया के प्रतियोगिता पूर्ण रूप से नई तकनीक सेंसर(इलेक्ट्रॉनिक स्कॉरिंग सिस्टम) पर रखी गयी, जिसमे रेफेरी रिमोट के माध्यम से स्कोर देते हैं प्रतियोगिता मे पी वी, सबजूनियर, कैडेट, जूनियर व सीनियर वर्ग के सभी खिलाड़ियों ने भाग लिया । यादव ने बताया प्रतियोगिता मे सभी पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन 15 मई से 17 मई तक जयपुर मे होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। प्रतियोगिता मे प्रथम टीम ट्रॉफी फाइटर्स जोन ताइक्वांडो एकडेमी, दूसरे स्थान पर ड्रैगन वारियर्स, तीसरे स्थान पर जगदीश स्पोर्ट्स एकेडमी रही।

सीनियर कॉल्विन शील्ड की एक दिवसीय ट्राइल 3 मई रविवार की

गंगापुर सिटी (निसं)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में राज्यस्तरीय कॉल्विन शील्ड बालक वर्ग की ट्रायल प्रतियोगिता जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर की ओर से क्रिएटिव स्पोर्ट्स एकेडमी जयपुर रोड गंगापुर सिटी में 3 मई रविवार को सुबह 7 बजे से कराई जाएगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीकांत जैन ने बताया कि सभी खिलाड़ियों अपने मूल दस्तावेज कंप्यूटर राइज जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, माता पिता का आधार कार्ड, लास्ट तीन वर्ष की मार्क शीट, आरसीए का रजिस्ट्रेशन नंबर लेकर आए।

दुकाने एक मई को रहेगी बंद

गंगापुर सिटी । थोक खाद्य पदार्थ एसोसिएशन की एक जनरल मीटिंग अध्यक्ष महेश गुप्ता सर्वेयर की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें सर्वसम्मति से 1 मई 2026 को थोक खाद्य पदार्थ एसोसिएशन पुरानी अनाज मंडी में सामूहिक अवकाश रखने पर सहमति बनी। महामंत्री अमित खंडेलवाल ने बताया कि मीटिंग में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए एसोसिएशन द्वारा 4 मई 2026 को सुबह 10 बजे पुरानी अनाज मंडी में एक प्याऊ (शीतल जल,) का उद्घाटन सभी को शरबत पिलाकर किया जाएगा जिसमें सभी सदस्य सादर आमंत्रित है। उद्घाटन कार्यक्रम के संयोजक सत्यनारायण खंडेलवाल और प्रशांत सिंघल को बनाया गया है।

धौलपुर में बड़ा रेल हादसा होते-होते बचा

- स्टेशन पर तैनात पॉइंट्समैन की सूझबूझ से समय रहते ट्रेन को रोक लिया गया

धौलपुर, (निसं)। धौलपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया, जब नॉन स्टॉपिज ट्रेन नंबर 15549 के जनरल कोच के ब्रेक पेडल में अचानक आग लग गई। घटना सुबह करीब 5:52 बजे की है। ट्रेन छत्तीसगढ़ के दुर्ग से पंजाब के लुधियाना की ओर जा रही थी और धौलपुर स्टेशन को पार कर रही थी।

स्टेशन पर तैनात पॉइंट्स मैन की सूझबूझ से समय रहते ट्रेन को रोक लिया गया। उन्होंने कोच के ब्रेक पेडल से धुआं और आग निकलते देखा तो तुरंत हरी झंडी की बजाय लाल झंडी दिखाकर ट्रेन को रुकने का संकेत दिया। सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर और रेलवे इंजीनियर मौके पर पहुंच गए और स्थिति को संभाल लिया। ट्रेन को धौलपुर स्टेशन के आउटर पर ही रुकवाया गया। रेलवे कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रेन में मौजूद अग्निशमन उपकरणों की मदद से आग पर काबू पाया। जांच में सामने आया कि ब्रेक जाम होने के कारण पेडल में आग लगी थी, जिसे मौके पर ही ठीक कर लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही कोच में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन रुकते ही कई यात्री नीचे उतर गए। ट्रेन में सफर कर रहे यात्री सुनील कुमार ने बताया कि पैरदान के पास आग लगी देख उन्होंने तुरंत अन्य यात्रियों को सतर्क किया, जिससे सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल सके। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद सुबह करीब 6:30 बजे ट्रेन को दोबारा रवाना कर दिया गया।

औषधालय का निरीक्षण

रुदावल भरतपुर । आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक ने बुधवार को रुदावल कस्बे के राजकीय आयुर्वेद औषधालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान औषधालय में कार्यरत समस्त कार्मिक औषधालय में उपस्थित पाए एवं औषधालय की व्यवस्थाएं भी सुव्यवस्थित पाई गई। उप निदेशक साधुराम शर्मा ने औषधालय की उपस्थिति पंजिका, स्टॉक रजिस्टर एवं मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण कर उपस्थित कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक ने पत्रकारों को बताया कि औषधालय में लगभग सभी औषधि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है साथ ही करीब 20 समान्य जांचे शीघ्र शुरू हो जाएंगी ।

टंकण परीक्षा 21 मई को

करौली (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष टंकन परीक्षा आयोजन समिति, करौली हेमराज परिडवाल ने बताया कि जिले में अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त वे कार्मिक जिनकी नियुक्ति हुए 3 वर्ष से अधिक नहीं हुए है के लिए कंप्यूटर टंकण परीक्षा का आयोजन आगामी 21 मई को किया जाएगा। उन्होंनें बताया कि परीक्षा में कुल 23 कार्मिक सम्मिलित होंगे, जिनमें 22 अंग्रेजी तथा 01 हिंदी माध्यम के परीक्षार्थी हैं। परीक्षा में पारदर्शिता हेतु संपूर्ण परीक्षा की वीडियाग्राफी कराई जाएगी। उन्होनें कहा कि परीक्षा हेतु हिंदी माध्यम अभ्यर्थियों के लिए क्मअसले 010 और अंग्रेजी माध्यम अभ्यर्थियों के लिए टाइम्स न्यू रोमन फॉन्ट निर्धारित किया गया है।

आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर भाजपा के अग्रवाल का जलाया पुतला

करौली (निसं)। गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष घनश्याम नहर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस कार्यालय पर किया गया।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार एवं जनसंपर्क अभियान को गति देने के निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत, एआईसीसी महासचिव एवं टोंक विधायक सचिन पायलट के खिलाफ भाजपा के राजस्थान प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।

इस दौरान जिला सह प्रभारी चतर सिंह बासड़ा, पीसीसी सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज, हुकुम मीना, पीसीसी सदस्य महेन्द्र सुरोठिया, पूर्व जिला अध्यक्ष अल्का मीणा, विशाल मीना, जिला उपाध्यक्ष विशंभर दयाल शर्मा, देवीसहाय दत्तात्रेय, रामचरण ख़ुरसटपुरा, जलधारी मीना, सुनील सैनी, शरदों गुर्जर, प्रभाव चौधरी, जतिन जोरवाल, ब्लॉक अध्यक्षगण लोकेश खटाना, एजाज अहमद, हरिलाल बैरवा, अखलेश मामचारी, अजय सिंह गुर्जर, रिज़वान पार्षद, रक्षी लाल बैरवा, रामजीलाल सैनी, रामधन बैरवा, भगवान सहाय शर्मा, नरेश गुर्जर, बी. एल बैरवा, रामगिलास जाटव, रघुराज मीणा, मोहन सिंह गुर्जर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

भामाशाह ने किया मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

गंगापुर सिटी (निसं)। समीपवर्ती छोटी उदेई गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का स्वागत एवं अभिवादन समारोह आयोजित किया गया। छोटी उदेई निवासी अनिल कुलचाणिया फिल्म निर्देशक द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली रितिका मीना पुत्री चरण सिंह मीना को नगद 11000 रूपये तथा 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले राजकुमारी मीना पुत्री गजराज मीना, सलोनी मीना पुत्री मुकेश मीना, शिवानी कुमारी मीना पुत्री रामधन मीना एवं नीरज महावर पुत्र देवीलाल महावर प्रत्येक को 5,100 रूपए नगद पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय छोटी उदेई की गोलमा मीना एवं सृष्टि मीना को भी नकद 5,100 रूपये प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ धर्मवीर मण्डावत ने की। इस दौरान अनिल कुलचाणिया के प्रतिनिधि के रूप मे गोपाल योगी, प्रधानाचार्य राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय प्रेमराज मीना सीवीएम ग्रुप से हरकेश मीना, श्रीलाल पटवारी, राजमल मीना, रामफल मीना, धनराज डीलर, नमोनारायण मीना पिन्टू मीना एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

गुरुवार को लेदिया में होगी रात्रि चौपाल

करौली (निसं)। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 अप्रैल गुरूवार को सांय 6 बजे से पंचायत समिति सपोटरा की ग्राम पंचायत लेदिया में रात्रि चौपाल आयोजित की जायेगी। जिला कलेक्टर ने समस्त संबंधित अधिकारियों को रात्रि चौपाल में नियत समय पर आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के आदेश दिये।

सार-समाचार

गंदे पानी की समस्या का नहीं हो रहा कोई समाधान

गंगापुर सिटी (निसं)। पंचायत समिति क्षेत्र में पिछले 25 दिनो से गंदे पानी की सप्लाई दी जा रही है। जिससे इस भीषण गर्मी में पीने के पानी के साथ ही नहाने के पानी की समस्या खड़ी हो गई है। वहीं कीचड़ युक्त पानी की सप्लाई से लोगों के बीमार पड़ने की संभावना भी ज्यादा बन गई है। कई बार विभाग को सूचित करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं करना विभागिय अधिकारियों की उदासीनता को दर्शा रहा है। उपभोक्ता अशोक गोयल, दिनेश चंद अग्रवाल, रामगोपाल, सीताराम गुप्ता एडवोकेट, संतरा देवी, योगेन्द्र कुमार आदि ने बताया कि पिछले 25 दिनों से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। जलदाय विभाग के अधिकारियों को सूचित करने पर विभाग ने लाइन मैन को मौके पर भेजा लेकिन फौरी कार्रवाही कर कार्य की इतिश्री कर झूठा आश्वासन दे कर चले गए। गंदे पानी से प्रत्येक घर में पेट दर्द के रोगी पनप रहे हैं। यदि प्रशासन इण्दौर की तरह हादसे का इंतजार कर रहा है तो वो दिन दूर नहीं जब घर घर से बीमार आदमी को इलाज के लिए हॉस्पीटल में भर्ती होना पड़ेगा। इसके बाद भी कई बार विभागिय उच्चाधिकारियों को सूचित करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है जिससे आमजन में जलदाय विभाग के प्रति भारी आक्रोश पनप रहा है।

जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भरतपुर (निसं)। अछनेरा रोड की प्रस्तावित चौड़ाई को कम करने की मांग को लेकर पक्का बाग, बृज नगर, लक्ष्मी नगर एवं बछामदी क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई कि एमएसजे कॉलेज से पक्का बाग तक सड़क की चौड़ाई 14 मीटर निर्धारित की जाए। ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने बताया कि 27 अप्रैल को प्रशासन द्वारा बछसमदी की गई तोड़-फोड़ की कार्रवाई संतुलित एवं उचित तरीके से नहीं की गई। आरोप लगाया गया कि एक तरफ 80 फीट तक मकान एवं दुकानों को तोड़ा गया, जबकि दूसरी ओर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे कई गरीब परिवार बेघर हो गए हैं और उनके सामने रहने का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। क्षेत्रवासियों ने जिला कलेक्टर से मांग की कि प्रभावित गरीब परिवारों को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया में समानता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। जिला कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर उसकी गंभीरता से समीक्षा की तथा एसडीएम भरतपुर, भारती गुप्ता को निर्देश दिए कि हुई तोड़-फोड़ की दोबारा नाप कराई जाए। साथ ही एमएसजे कॉलेज से पक्का बाग तक सड़क चौड़ाई के विषय में एडीएम सिटी राहुल सैनी के साथ चर्चा कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में निवर्तमान पार्षद रामेश्वर सैनी, देवेंद्र सोलंकी, लेखराज खुशाल सैनी, टीटू सैनी, लाट साहब, घुरेलाल, जेके सिंह, हकीम राणा, कपिल शर्मा, जेपी शर्मा, लोटन बदन सिंह, देशपाल राजू, कश्यप श्याम सिंह, लक्ष्मण सोलंकी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

रोडवेज का खाता कुर्क करने का कोर्ट का आदेश

हिंडौन सिटी, (निसं)। सड़क दुर्घटना में परिवादी के लिए नुकसान के एवज में जारी किए गए अवार्ड राशि भुगतान पर एडीजे कोर्ट क्रमांक 1 की एडीजे अंबिका सोनी के आदेश पर बुधवार को नाजिर हितेश गोयल स्थानीय पीएनबी बैंक में राजस्थान रोडवेज के अकॉउंट कुर्क करने कार्यवाही करने पहुंचे, जिसमें बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा न्यायालय के आदेश की पालना में 6 लाख 10,671 रुपए का डीडी जारी किया गया। इस भुगतान से परिवादी काफी खुश है। कोर्ट के नाजिर हितेश गोयल ने बताया 16 मार्च 2012 को बाइक से धाधरेन जा रहा था। इस दौरान तारपुर के पास रोडवेज बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। कोर्ट में उक्त मामले की सुनवाई में वर्ष 2016 में परिवादी को क्षतिपूर्ति के लिए रोडवेज को 5.85 लाख रुपए परिवादी को देने के लिए अवार्ड जारी किया। इधर नाजिर हितेश गोयल ने बताया परिवादी ने राशि बढ़वाने के लिए राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर में अपील की। जिसमें राशि बढ़कर 8 लाख 75 हजार रुपए की गई। जिसमें मूल राशि 2,90,060 रुपये बढ़ायी गयी, जिस पर 3,20,611 लाख रुपए का ब्याज सहित कुल 6,10,671 राशि भुगतान करने के आदेश एडीजे क्रमांक 1 की अपर जिला व सैशन न्यायधीश अंबिका सोनी आदेश जारी हुआ। जिसमें पीएनबी बैंक शाखा में संचालित अकॉउंट को कुर्क के आदेश हुए। कुर्क के आदेश पर नाजिर हितेश गोयल बैंक शाखा पहुंचे। हालांकि इस आदेश पर पीएनबी बैंक शाखा ने कोर्ट द्वारा तय राशि 610671 रुपए का भुगतान के लिए डीडी बनाकर सुपुर्द किया गया।

धौलपुर रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन के ब्रेक में आग लगी

कैलेंडर में संशोधन की उठाई मांग

करौली (निसं)। राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं एकीकृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. उदयसिंह के नेतृत्व में संगठन ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को अलग-अलग ज्ञापन प्रेषित कर नव पदोन्नत व्याख्याता के काउंसलिंग करवाने से पूर्व प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य की काउंसलिंग पहले करवाने एवं नव क्रमोन्नत सैंकड़ों विद्यालयों में पहले पद सृजित करने के उपरांत व्याख्याताओं के काउंसलिंग करने की मांग उठाई है । करौली जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार ने बताया कि प्रधानाचार्य के साथ उप प्रधानाचार्य के पदोन्नित पश्चात उनकी काउंसलिंग अभी तक नहीं की गई है, जिससे उनसे रिक्त होने वाले पदों पर व्याख्याता को काउंसलिंग में विकल्प चुनने के उचित अवसर नहीं मिल पाएंगे। अत: पहले प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य की काउंसलिंग की जानी चाहिए। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरकार द्वारा सैंकड़ों विद्यालयों को नव क्रमोनत किया गया है, किंतु वहां पर अभी तक पद सृजन किया जाना बाकी है। ऐसे में पहले उन नव क्रमोन्नत विद्यालयों में व्याख्याताओं के पद सृजन किया जावे एवं काउंसलिंग में वे पद शामिल किये जावे ताकि व्याख्याताओं की कमी से जूझ रहे विद्यार्थियों को विषय के व्याख्याता मिल सके, वही नव पदोन्नित व्याख्याता को विकल्प चयन के पर्याप्त अवसर मिल सके । उन्होंने बताया कि छात्र हित, शिक्षक हित एवं प्रदेश सरकार के हित में यह काउंसलिंग प्रक्रिया क्रमश:प्रधानाचार्य तदुपरांत उप प्रधानाचार्य एवं नव क्रमोन्नत विद्यालयों में पद सृजन के क्रम में तदुपरांत व्याख्याताओं की काउंसलिंग करवाने की मांग रखी है।

मिट्टी के परिंडे बांधे गए

भरतपुर (निस)। भीषण गर्मी को देखते हुए अपना घर सेवा समिति, महिला शाखा भरतपुर द्वारा पक्षी बचाओ अभियान के अंतर्गत जल सेवा अभियान चलाया गया। इसी क्रम में आज अपना घर हेल्पलाइन, बी नारायण गेट पर पेडों पर मिट्टी के परिंडे बांधकर प्यासे पक्षियों के लिए ताजे एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई। समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाए जाते हैं, ताकि पक्षियों को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। समिति की अध्यक्षा सीमा शर्मा ने बताया कि महिला इकाई द्वारा हर वर्ष इस प्रकार के जनसेवा अभियान संचालित किए जाते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों, छतों पर जीवों के लिए पानी की व्यवस्था अवश्य करें।

हिंडौन में युवक पर फायरिंग के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज

- जाटव समाज सुधार समिति के युवा अध्यक्ष हरिओम ठेकेदार पर 20 अप्रैल की रात हमला हुआ था
- 'थाना महुवा में 21 अप्रैल को एफआईआर दर्ज कराई थी, अभी तक कोई आरोपी नामजद नहीं है'

हिंडौन सिटी, (निसं)। जाटव समाज सुधार समिति के युवा अध्यक्ष हरिओम ठेकेदार पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में समाज के लोगों ने जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित को सुरक्षा देने की मांग की।

समिति के प्रवक्ता रिंकू खेड़ी हैवत ने बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब 11:45 बजे हरिओम ठेकेदार पुत्र भगवान सिंह जाटव, निवासी जाटव बस्ती, हिंडौन सिटी, जब हिंडौन रोड से गुजर रहे थे, तब खटाना पेट्रोल पंप और गाजीपुर टोल प्लाजा के बीच अज्ञात हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर फायरिंग कर दी। घटना में वे बाल-बाल बच गए, लेकिन इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। इस संबंध में थाना महुवा में 21 अप्रैल को एफआईआर दर्ज कराई गई है। हालांकि अभी तक कोई आरोपी नामजद नहीं है। ज्ञापन में कहा गया कि हरिओम ठेकेदार समाज के सक्रिय युवा पदाधिकारी हैं और इस हमले से पूरे समाज में रोष व्याप्त है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो समाज को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

समिति ने ज्ञापन में अज्ञात हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी, प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई, हरिओम ठेकेदार व उनके परिवार को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने, क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने तथा आत्मरक्षा के लिए लाइसेंसी हथियार प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान हरिओम ठेकेदार, रिंकू खेड़ी हैवत, महिला अध्यक्ष एवं करौली-धौलपुर लोकसभा प्रत्याशी इंदु जाटव सहित दीपक जाटव, इंद्राज जाटव, हरद्वारी जाटव, नेमीचंद तेसगांव व अन्य समाजजन मौजूद रहे। समिति ने प्रशासन से मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रह सके।

2 साल से फरार 20 हजार का इनामी हत्यारा गुजरात से गिरफ्तार

- स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल दीनदयाल की अहम भूमिका, साधु बनकर छिपता रहा आरोपी

धौलपुर (निसं)। जिले की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे और पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे 20 हजार के इनामी आरोपी को गुजरात के राजकोट से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी फरारी के दौरान कभी साधु का वेश धारण कर मंदिरों में छिपा रहा तो कभी नाम बदलकर कंपनी में काम करता रहा।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम () और कोतवाली थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस सफलता को हासिल किया।

हत्या के मामले में काट रहा था उम्रकैद की सजा

गिरफ्तार आरोपी अमरदास उर्फ अमृतदास पुत्र मुरारीलाल, निवासी बिहानी थाना गोहद, जिला भिंड (मध्यप्रदेश) को वर्ष 2018 में थाना रामगढ़ पचवारा, जिला दौसा में दर्ज हत्या के मामले में न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

आरोपी 9 जनवरी 2024 को जिला कारागृह धौलपुर से फरार हो गया था, जिसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लगातार तलाश की जा रही थी।

साधु बनकर छिपा, नाम बदलकर करता रहा नौकरी

पुलिस जांच में सामने आया कि फरारी के दौरान आरोपी-गुजरात के राजकोट में नाम बदलकर एक कंपनी में काम कर रहा था एवं भिंड (मध्यप्रदेश) क्षेत्र में मंदिर में साधु के वेश में छिपा रहा,लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश करता रहा

3 महीने की मेहनत के बाद मिली सफलता

जिला स्पेशल टीम ने करीब तीन महीने तक लगातार तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद टीम ने राजकोट पहुंचकर सुनियोजित तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ जारी है और फरारी के दौरान उसकी मदद करने वालों की भी जांच की जा रही है।

हेड कांस्टेबल दीनदयाल की रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में हेड कांस्टेबल दीनदयाल की भूमिका सबसे अहम रही।

उन्होंने लगातार फील्ड में रहकर-आरोपी के संभावित ठिकानों पर गुप्त जानकारी जुटाई,अपनी पहचान छिपाकर नेटवर्क तक पहुंच बनाई और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर सटीक सूचना हासिल की, हेड कांस्टेबल दीनदयाल की सूझबूझ, मेहनत और समर्पण के चलते ही पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल हो सकी।पुलिस टीम में वीरेंद्र मीणा (उप निरीक्षक, थाना प्रभारी कोतवाली), घनश्याम सिंह (उप निरीक्षक, प्रभारी), भरत सिंह, दीनदयाल (हेड कांस्टेबल), रामचंद्र, नरेंद्र सिंह, कोमल सिंह एवं चालक दिलीप सिंह शामिल रहे।

पूज्य सिंधी समाज ने किया शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ

गंगापुर सिटी (निसं)। पूज्य सिन्धी समाज सेवा समिति रजि. द्वारा बुधवार को सुबह 11 बजे सिन्धी कोलोनी मे एक जलमन्दिर का शुभारम्भ किया गया। सह सचिव नीरज माखीजा ने बताया कि सिधी समाज के वरिष्ट जन योगेश आसरानी समिति अध्यक्ष जगदीश हेमनानी, राजेश सैनी उपसरपंच छावा संयोजक कमल हेमनानी महेश नन्दानी द्वारा भगवान झूलेलाल व साँई पुरसनाराम साहिब के चित्र पट पर दीप प्रजलित एवं सभी को शर्वत पिलाकर शीतल प्याउ का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान परसोत्तम खटवानी, विष्णुकान्त शिवनानी, गोपालदास हैमनानी, बाबू अरोडा, मनोज हेमनानी, सौरभ लखवानी, सतीष कुलचनिया, राजेश गुलियानी, पवन हेमनानी सहित सिंधी समाज के प्रबुधजन मौजूद रहे।

करौली के गाँवों में 'ग्राम रथ अभियान' शुरू

करौली (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लखन सिंह ने बताया कि विधानसभा वार ग्राम रथ अभियान हेतु रथों को संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि रथ 30 अप्रैल को टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बालघाट में प्रात: 09 बजे, लापवली में 11 बजे, दोपहर कटारा अजीज में 12 बजे, भोपुर में 04 बजे व मोरडा में सायं 06 बजे पहुँचेंगे। इसी प्रकार हिण्डौन विधानसभा क्षेत्र में प्रात: 9 बजे ग्राम पंचायत सनेट, 11 बजे श्रीमहावीरजी, दोपहर 04 बजे अकबरपुर, शाम 6 बजे चांदनगाँव वहीं विधानसभा क्षेत्र सपोटरा में प्रात: 09 बजे ग्राम पंचायत काशीपुरा, 10:30 बजे कोटा, 12 बजे महौली, दोपहर 04 बजे मामचारी व सांय 05:30 बजे मॉच एवं 6:30 बजे करसाई में रथ पहुँचेंगे। विधानसभा क्षेत्र करौली में प्रात: 09 बजे ग्राम पंचायत परीता, 11 बजे रघुवंशी, 12 बजेकीरतपुरा, 4 बजे सायपुर, 6 बजे गुनेसरा में पंहुच कर रथ राज्य सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिससे आमजन जागरूक रहकर राज्य सरकार की योजनाओं से अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर सके । ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 (ग्राम-2026) एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विधानसभावार ग्राम रथ अभियान की शुरुआत की गई है। ग्राम रथ अभियान का उद्देश्य जनता को जागरूक करना, सरकार के प्रति विश्वास बढ़ाना और योजनाओं के अधिकतम लाभार्थियों तक पहुँच सुनिश्चित करना है।

सड़क निर्माण की मांग

गंगापुर सिटी । प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत बजट के अंतर्गत शहर में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में नसिया कॉलोनी क्षेत्र में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्रवासियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मार्ग की वास्तविक माप कर नियमानुसार चौड़ीकरण करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि भगवती महाविद्यालय चूली गेट मार्ग से नसिया कॉलोनी, कोली पाड़ा, मीणा मोहल्ला, सैनी कॉलोनी एवं बैरवा बस्ती सहित लगभग 10 हजार लोगों के लिए यह मार्ग सवाईमाधोपुर हाईवे से जुड़ने का प्रमुख संपर्क मार्ग है। वर्तमान में लगभग 100 मीटर का हिस्सा अत्यधिक संकरा है, जिसके कारण विद्यालय वाहनों तथा आमजन के वाहनों को अक्सर एक तरफ से जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि उक्त संकरे हिस्से से पहले लगभग 30 फीट चौड़ी सड़क है ।

श्री राधा रमण मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

भरतपुर (निसं)। श्री राधा रमण मंदिर का 159वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर वृंदावन से पधारे विद्वान कथा व्यास माध्व गौडेश्वराचार्य आलोक कृष्ण गोस्वामी एवं ज्योतिषाचार्य बलराम गोस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मोहन मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान श्री राधा रमण जी युगल सरकार का विधि-विधान से पंचामृत द्वारा अभिषेक किया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से पुष्पों से सजाया गया जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय और अलौकिक हो उठा। इस अवसर पर श्री राधा-कृष्ण को नवीन रत्न-जड़ित दिव्य पोशाक धारण करवाई गई तथा भव्य महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। अपने प्रेरणादायी प्रवचन में आलोक कृष्ण गोस्वामी जी ने राधारमण बिहारी जी की लगभग 500 वर्षों की गौरवशाली वंश परंपरा का उल्लेख करते हुए गल्लू जी महाराज एवं राधा चरण गोस्वामी की श्रीजी सेवा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कलयुग में ब्रजधाम में भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी की विविध लीलाओं को अत्यंत रोचक एवं भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने विशेष रूप से राधा एवं श्रीकृष्ण के शताब्दी विरह प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए उनके असीम, दिव्य और अनंत प्रेम की महिमा का बखान किया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम का समापन भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में हुआ।

संचालन विष्णु लोहिया ने किया। इस मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष चन्द्रमोहन गुप्ता एडवोकेट, उपाध्यक्ष डॉ. डी.डी. गोयल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उप महामंत्री मनोज जिंदल, भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, महामंत्री मुकेश सिंघल, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग, अपना घर आश्रम के राष्ट्रीय सचिव विनोद सिंघल, कथावाचक भगवानदास रामभक्त एवं जयप्रकाश दास गोयनका, डॉ. एल.पी. गुप्ता, हेमराज गोयल, शिक्षाविद बासुदेव गुप्ता एवं ओमप्रकाश शर्मा, महेश गोयल सर्राफ, अर्जुन बंसल, डॉ.जुनेजा, महेशचंद सिंघल, योगेश शर्मा कौशिक, मुरारीलाल चौधरी, वेदप्रकाश मित्तल, भारत भूषण अग्रवाल, डॉ. एल.सी. अग्रवाल, आलोक बंसल, एस.पी. जिंदल, प्रो. डॉ. अशोक गुप्ता, राधाकिशन विंदल, भरतपुर जिला अग्रवाल महिला संरक्षक डॉ. मिथलेश अग्रवाल, महामंत्री सपना डीगिया, अंजू मित्तल, शोभा कंसल, ब्रजकिशोर शर्मा, पार्षद दीपक मुदगल, राकेश एम.आर. आदि सैंकडों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

फरार बदमाश गिरफ्तार

गंगापुर सिटी । वजीरपुर थाना पुलिस ने खातेदारी भूमि की फर्जी रजिस्ट्री करवाने के मामले में 2 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने डमी व्यक्ति पेश कर फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए थे और जमीन हड़पने की नीयत से रजिस्ट्री कराई थी। थानाधिकारी अंकुश कुमार के नेतृत्व में टीम ने आरोपी नमोनारायण उर्फ गुड्डू (49) निवासी वजीरपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार तत्कालीन तहसीलदार बसंत कुमार शर्मा ने 24 जुलाई 2024 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि डमी व्यक्ति पेश कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए और खातेदारी भूमि का विक्रय कर रजिस्ट्री करवा दी गई।

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धि पत्र
सिगनल एवं दूर संचार विभाग, कोटा मंडल
टेंडर सं: KOTA/SNT/SIG/2025/55
दिनांक: 28.04.2026
निविदा सूचना संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/55 की शुद्धि पत्र सं. 1 निम्न टेण्डर जो निविदा संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/55 को दिनांक 04/04/2026 के अन्तर्गत आमंत्रित किया गया था। अब प्रशासनिक कारणों से इनके खुलने की तिथि में परिवर्तन किया गया है, जो इस प्रकार है:- **टेंडर सं.:** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/55, **कार्य का नाम:** कोटा डिवीजन रिप्लेसमेंट ऑफ डिफेक्टिव सिग्नलिंग केबल्स फॉर एन्हांसिंग सेफ्टी ऑफ सिग्नलिंग सिस्टम।, **पुरानी तारीख एवं समय:** दिनांक 30.04.2026 को 15:00 बजे तक।, **परिवर्तित तारीख एवं समय:** दिनाँक 11.05.2026 को 15:00 बजे तक।
हस्ता.
वरि. मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय),
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर